**Total Pages : 4**

# KN-517

## BPE (Part-III) Examination, 2022

## FOUNDATION COURSE

## ( Hindi Bhasha )

### [ Paper : First]

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Passing Marks : 25***

**निर्देशः** **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक दर्शाए गए हैं।

1. (क) 'भारत माता' कविता का सारांश लिखिए। [8]

**अथवा**

कवि सुमित्रानंदन पंत का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय देते हुए उनके द्वारा वर्णित भारत माता के स्वरूप का वर्णन कीजिए।

(ख) 'कथन की शैली' का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए कथन की विभिन्न शैलियों का परिचय दीजिए। [7]

**अथवा**

विवरणात्मक शैली और मूल्यांकनपरक शैली में क्या अंतर है? उदाहरण सहित समझाइए।

2. (क) 'सूखी डाली' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [8]

**अथवा**

'सूखी डाली' एकांकी के प्रमुख पात्र 'बेला' का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) विनम्रता सूचक संरचनाओं से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। [7]

**अथवा**

अनुक्रम से क्या तात्पर्य है? इसका प्रयोग उदाहरण के माध्यम से समझाइए।

3. (क) कहानी के तत्वों के आधार पर 'वसीयत' कहानी की समीक्षा कीजिए। [8]

**अथवा**

'वसीयत' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) परिपत्र किसे कहते हैं? इसकी विशेषताएँ स्पष्ट करते हुए एक उदाहरण दीजिए। [7]

**अथवा**

अधिसूचना को समझाते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।

4. (क) 'योग की शक्ति' पाठ के आधार पर जीवन में योग की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। [8]

**अथवा**

'योग की शक्ति' पाठ के माध्यम से लेखक हरिवंश राय बच्चन क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) अनुवाद को परिभाषित करते हुए एक अच्छे अनुवाद की विशेषताएँ लिखिए। [7]

5. (क) 'विविधता में एकता भारतीय संस्कृति की विशेषता है। कथन का आशय स्पष्ट करते हुए भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ लिखिए। [8]

**अथवा**

'संस्कृति और राष्ट्रीय एकीकरण' विषय पर निबंध लिखिए।

(ख) प्रतिवेदन का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए। [7]

**अथवा**

निमंत्रण पत्रों की आवश्यकता क्यों होती है? अपने भाई के विवाह के लिए निमंत्रण पत्र तैयार कीजिए।

----x----